# अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में तेजी से गिरे बाजार

सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 22 मई



## सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में आई गिरावट

- लंबी अवधि के अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि हुई
- गुरुवार को एफपीआई ने 5,045 करोड़ रुपये की बिकवाली की
- रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.36 फीसदी और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा में 2.6 फीसदी की गिरावट आई
- भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और मॉनसून की स्थिति से तय होगी बाजार की चाल

गुरुवार को वैश्विक बाजारों के साथ साथ भारतीय शेयर बाजारों में भी गिरावट आई। अमेरिकी राजकोषीय स्थिति और बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी को लेकर चिंता के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारी बिकवाली की। गुरुवार को सेंसेक्स 645 अंक या 0.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,952 पर बंद हुआ। निफ्टी 204 अंक या 0.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,610 पर बंद हुआ।

इस हफ्ते सेंसेक्स अब तक 1.7 फीसदी जबकि निफ्टी 1.6 फीसदी कमजोर हुआ है। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 2.2 लाख करोड़ रुपये तक घटकर 439 लाख करोड़ रुपये रह गया। हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव का पैमाना इंडिया विक्स 1.7 फीसदी नीचे आ गया और यह 17.3 पर कारोबार कर रहा था। पूरे सप्ताह इस सूचकांक में 4.3 फीसदी तक की तेजी आई।

निवेशक राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के कर विधेयक के असर को लेकर चिंतित हैं जिसे अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बहुत कम अंतर से पारित किया है। कर और व्यय विधेयक ट्रंप के कई लोकलुभावन वादों को पूरा करते हैं और इनसे संभवतः अगले दस वर्षों में अमेरिकी सरकार के 36.2 लाख करोड़ डॉलर के ऋण में लगभग 3.8 लाख करोड़ डॉलर का और इजाफा होगा। ऋण की चिंताओं की वजह से पिछले सप्ताह मूडीज ने अमेरिकी सॉवरिन क्रेडिट रेटिंग को घटा दिया था। लंबी अवधि के अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि हुई और 30 वर्षीय अमेरिकी बॉन्ड यील्ड 5.10 पर कारोबार कर रहा था जो अक्टूबर 2023 के बाद का उच्चतम स्तर है।

गुरुवार को एफपीआई 5,045 करोड़ रुपये के शुद्ध बिकवाल थे। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,715 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एफपीआई इस सप्ताह भारी बिकवाल रहे और मंगलवार को उन्होंने 10,016 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। डॉलर सूचकांक गुरुवार को मामूली चढ़ गया और यह 99.8 पर पहुंच गया। हालांकि गुरुवार को इसमें गिरावट आई। लेकिन पूरे सप्ताह सोना 3 प्रतिशत चढ़ा और 3,302 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और मॉनसून की स्थिति अब बाजार की चाल तय करेगी।

जियोजित फाइनैंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'प्रमुख सूचकांकों में अमेरिकी राजकोषीय चिंताओं के बीच गिरावट आई। अमेरिका में चिंताएं बढ़ी हैं कि प्रस्तावित विधेयक से देश पर कर्ज बढ़ जाएगा। इससे दीर्घावधि बॉन्ड की सुस्त मांग से अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में तेजी को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, एक प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा अमेरिकी क्रेडिट आउटलुक को डाउनग्रेड करने से भी एशियाई बाजारों में व्यापक बिकवाली हुई। मई में भारत के पीएमआई में तेज सुधार और राजकोषीय परिदृश्य में सुधार के बावजूद अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता से जुड़ी अनिश्चितता और वैश्विक बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव के कारण अल्पावधि में भारतीय इक्विटी में ठहराव की स्थिति पैदा होने की आशंका है।'

बाजार धारणा कमजोर रही। गिरने वाले शेयर 2,275 और चढ़ने वाले शेयरों की संख्या 1,661 रही। सिर्फ तीन को छोड़कर बीएसई पर सभी सेक्टोरल सूचकांक गिरकर बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.36 फीसदी और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा में 2.6 फीसदी की गिरावट आई।

रेलिगेयर ब्रोकिंग में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, 'बाजार में गिरावट कमजोर वैश्विक धारणा, खासकर अमेरिकी बाजारों की वजह से आई। साथ ही किसी तरह का बड़ा घरेलू सकारात्मक कारक भी नहीं दिखा। इससे भी धारणा कमजोर हुई। विदेशी फंडों की ताजा निकासी से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई है।'

# रक्षा शेयरों में तेजी ने एमएफ की रक्षा की

**भारत** और पाकिस्तान के तनाव और उसके बाद रक्षा शेयरों में आई तेजी से रक्षा सेक्टर के म्युचुअल फंडों के निवेशकों राहत दी है। इसमें काफी तेजी आने के बाद अधिकतर निवेशकों ने इस थीम में निवेश किया था।

पिछले साल अधिकतर रक्षा फंड पेश किए गए थे और वे मजबूत निवेश आकर्षित करने में सफल रहे थे। लेकिन वे बाजार की गिरावट में फंस गए और बीते वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में रक्षा शेयरों की गिरावट ने उनके शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य (एनएवी) को 10 रुपये के स्तर से नीचे ला दिया।

निवेश के लिहाज से रक्षा शेयर सबसे छोटे सेक्टरों में से एक है और जून 2023 में पहली बार एचडीएफसी डिफेंस फंड के साथ कोई पहली समर्पित म्युचुअल फंड योजना आई थी। यह रक्षा क्षेत्र में एकमात्र ऐक्टिव फंड है।

पहले फंड की शुरुआत के एक साल बाद तीन फंड कंपनियों ने रक्षा क्षेत्र में पांच योजनाएं उतारी थी। मोतीलाल ओसवाल, आदित्य बिड़ला सन लाइफ और ग्रो ने पिछले साल जुलाई से अक्टूबर के बीच निफ्टी इंडिया डिफेंस फंड को ट्रैक करने वाले पैसिव फंड पेश किए थे।

मगर ये योजनाएं ऐसे वक्त आईं जब थीम पहले ही भर चुकी थी। निफ्टी इंडिया डिफेंस सूचकांक पिछले नौ महीनों में दोगुना से ज्यादा बढ़कर जुलाई 2024 में अपने शिखर पर पहुंच गया था। इस प्रदर्शन के कारण ही मौजूदा योजनाओं के साथ-साथ नई पेशकशों में भी भारी-भरकम निवेश आया। मोतीलाल ओसवाल निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड ने नए फंड ऑफरिंग (एनएफओ) से 1,676 करोड़ रुपये जुटाए थे जो उस वक्त किसी इक्विटी इंडेक्स फंड की ओर से जुटाई गई सबसे बड़ी रकम थी।

मगर पिछले साल जुलाई में गिरावट के बाद से योजनाओं को तगड़ा नुकसान हुआ। इस साल 18 फरवरी तक निफ्टी इंडिया डिफेंस सूचकांक अपने सर्वोच्च स्तर से 38 फीसदी से ज्यादा लुढ़क गया था। हालांकि, उसके बाद 21 मई तक सूचकांक 62 फीसदी उछलकर 9,146 अंकों के नए शिखर पर पहुंच गया है।

गिरावट के कारण निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा और नई योजनाओं के एनएवी लॉन्च स्तर से 30 फीसदी ज्यादा गिर गए थे। *बीएस*

# एफपीआई के शेयर बेचने से रुपया एक महीने के निचले स्तर पर

**डीलरों** का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों से विदेशी निवेशकों की निकासी और 85.70 प्रति डॉलर के स्तर पर स्टॉप लॉस ट्रिगर होने से गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले एक महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। दिन के दौरान रुपया गिरकर 86.11 प्रति डॉलर तक आ गया और आखिर में 86 पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया 85.64 पर बंद हुआ था।

आईएफए ग्लोबल के मुख्य कार्याधिकारी अभिषेक गोयनका ने कहा, 'अमेरिकी डॉलर में आज का उतार-चढ़ाव मुख्य तौर पर 85.70 के स्तर से ऊपर स्टॉप लॉस ट्रिगर होने और घरेलू इक्विटी से संभावित निकासी के कारण हुआ। लेकिन व्यापक रुझान डॉलर में कमजोरी का है।' डीलरों ने कहा कि विदेशी बैंकों और सरकारी बैंकों की डॉलर मांग से दिन के दौरान रुपये पर दबाव बढ़ा। एक प्राइवेट बैंक में ट्रेजरी हेड ने कहा, 'अल्पावधि में रुपया 86.50-86.60 तक गिर सकता है लेकिन मध्यावधि में तेजी बरकरार रहने का अनुमान है। उसे कमजोर डॉलर और मजबूत भारतीय बुनियादी आधार से मदद मिलेगी।'

चालू वित्त वर्ष में रुपया डॉलर के मुकाबले अब तक 0.6 फीसदी तक गिरा है जबकि चालू कैलेंडर वर्ष में इसमें 0.5 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर, वित्त वर्ष 2025 के लिए आरबीआई से सरकार को रिकॉर्ड अधिशेष हस्तांतरण की उम्मीद से सरकारी बॉन्ड यील्ड में गिरावट जारी है। बेंचमार्क 10-वर्षीय बॉन्ड पर यील्ड गुरुवार को 1 आधार अंक घटकर 6.24 प्रतिशत रह गया। *बीएस*

# जरूरत पड़ने पर इंडसइंड की मदद करेगा आईआईएचएल

सुब्रत पांडा
मुंबई, 22 मई




**ब्रोकरों ने बैंक के आगामी वृद्धि अनुमानों में तेज कटौती की, नए सीईओ की नियुक्ति पर भी ब्रोकरों की नजर**

**वित्त** वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में इंडसइंड बैंक के सबसे कमजोर प्रदर्शन के बाद इंडसइंड इंटरनैशनल होल्डिंग्स (आईआईएचएल) के अध्यक्ष और बैंक के प्रमोटर अशोक पी हिंदुजा ने गुरुवार को कहा कि आईआईएचएल व्यापार वृद्धि के लिए आवश्यक होने पर अतिरिक्त पूंजी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब ब्रोकरों ने बैंक के लिए अपने वृद्धि अनुमानों में तेज कटौती की है जिनसे उसकी भविष्य की संभावनाओं पर संदेह पैदा होता है।

हिंदुजा ने एक बयान में कहा, 'हालांकि बैंक की पूंजी पर्याप्तता काफी अच्छी है। लेकिन व्यापार वृद्धि के लिए अगर किसी इक्विटी की जरूरत हुई है तो इंडसइंड बैंक के प्रमोटर के रूप में आईआईएचएल बैंक को मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है जैसा कि उसने पिछले 30 वर्षों में किया है।'

मार्च 2025 तक बैंक में आईआईएचएल की हिस्सेदारी 12.06 फीसदी थी। इसके अलावा बैंक में इंडसइंड लिमिटेड की 3.77 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कुल मिलाकर, बैंक में प्रवर्तकों की 15.83 फीसदी हिस्सेदारी (मार्च 2025 तक) है।

इंडसइंड बैंक ने बुधवार को जनवरी-मार्च तिमाही में 2,329 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया क्योंकि उसने प्रावधानों को काफी बढ़ाया। साथ ही डेरिवेटिव और माइक्रोफाइनेंस में अकाउंटिंग गड़बड़ियों के कारण गलत तरीके से दिखाए गए राजस्व और आय की प्रविष्टियों को उलट दिया। इन गड़बड़ियों का पता तिमाही के दौरान पता चला था। चौथी तिमाही में भारी नुकसान के बावजूद बैंक ने वित्त वर्ष 2025 में 2,575 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 71 प्रतिशत कम है।

विश्लेषक अनुमानों के अनुसार, 4,660 करोड़ रुपये की लेखांकन गलतियों का बैंक के लाभ और हानि खाते पर असर पड़ा। इनमें से डेरिवेटिव गड़बड़ियां 1,960 करोड़ रुपये थीं और माइक्रोफाइनेंस के बिना अहमियत वाले एनपीए 1,880 करोड़ रुपये थे। लिहाजा, 1,790 करोड़ रुपये के प्रावधान करना पड़ा और 180 करोड़ रुपये का ब्याज वापस लेना पड़ा।

इंडसइंड बैंक के कमजोर तिमाही प्रदर्शन और कई लेखांकन गड़बड़ियों का पता चलने के बाद ब्रोकरों ने इसके वृद्धि अनुमानों में बड़ी कटौती की है। वे एक नए सीईओ की नियुक्ति पर भी नजर रख रहे हैं। बैंक के बोर्ड ने कहा है कि वह चयन प्रक्रिया के अग्रिम चरण में है और उसे विश्वास है कि 30 जून की समय सीमा से पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को इससे संबंधित सिफारिश दे दी जाएगी।

आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने एक नोट में कहा, 'हम वित्त वर्ष 2026-27 के अनुमानों में 40 प्रतिशत की कटौती कर रहे हैं क्योंकि हम इसे बढ़ी हुई आधार लाभप्रदता के लिए समायोजित कर रहे हैं।' मैक्वेरी कैपिटल के विश्लेषकों के अनुसार बैंक के लिए प्रबंधन उत्तराधिकार को लेकर स्पष्टता, ऊंची ऋण लागत, एनआईएम की स्थिति पर नजर रखने की जरूरत है।

एमके के विश्लेषकों ने एक नोट में कहा, 'हालांकि पूंजी और तरलता की स्थिति अभी के लिए अनुकूल है, लेकिन व्यापार व्यवधान और प्रबंधन अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए हमने वित्त वर्ष 2026-28 में अपने कर बाद लाभ के अनुमान में 16-34 प्रतिशत की कटौती की है।'

# सेंसेक्स से बाहर होंगी इंडसइंड, नेस्ले इंडिया, ट्रेंट होगी शामिल

बीएस संवाददाता
मुंबई, 22 मई



**स्टॉक** एक्सचेंज बीएसई की सहायक इकाई एशिया इंडेक्स ने गुरुवार को इंडसइंड बैंक और नेस्ले इंडिया को सेंसेक्स से हटाने की घोषणा की। यह बदलाव 23 जून से लागू होगा। टाटा समूह की ट्रेंट और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स को इन शेयरों की जगह इंडेक्स में शामिल किया जाएगा। इस तरह का पुनर्गठन समय-समय पर एक्सचेंजों द्वारा किया जाता है। शेयरों को शामिल करने और निकालने का फैसला बाजार नियामक की ओर से तय पात्रता मानदंडों के आधार पर किया जाता है।

बीएसई बैंकेक्स में केनरा बैंक को बाहर किया जाएगा जबकि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को शामिल किया जाएगा। एक्सचेंज ने बीएसई सेंसेक्स 50, बीएसई 100 और बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 50 जैसे अन्य सूचकांकों में कई बदलावों की घोषणा की है।





**EXTRACT OF STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2025**

(₹ in lakhs)

| S. No. | Particulars | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31-Mar-2025 (Audited) | 31-Dec-2024 (Unaudited) | 31-Mar-2024 (Audited) | 31-Mar-2025 (Audited) | 31-Mar-2024 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 19,941.67 | 16,353.20 | 20,885.80 | 67,247.47 | 67,718.05 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax and exceptional items) | 328.30 | 129.50 | 622.25 | 348.11 | 27.96 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax and after exceptional items) | 355.63 | 138.72 | 651.76 | 377.39 | 113.01 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period (after tax and exceptional items) | 274.61 | 98.21 | 491.08 | 284.23 | 91.24 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 224.84 | 123.91 | 581.31 | 311.56 | 194.08 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (face value of ₹ 10/- each) | 1,465.00 | 1,465.00 | 1,458.96 | 1,465.00 | 1,458.96 |
| 7 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | |
| | 1. Basic (amount in ₹) | 1.88 | 0.66 | 3.39 | 1.94 | 0.63 |
| | 2. Diluted (amount in ₹) | 1.87 | 0.66 | 3.36 | 1.93 | 0.62 |

Notes:

1. Standalone Audited Financial Performance of the Company is as under:

(₹ in lakhs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31-Mar-2025 (Audited) | 31-Dec-2024 (Unaudited) | 31-Mar-2024 (Audited) | 31-Mar-2025 (Audited) | 31-Mar-2024 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 19,188.95 | 16,132.23 | 20,885.80 | 66,273.78 | 67,718.05 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax and exceptional items) | 321.22 | 126.21 | 622.09 | 338.74 | 27.80 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period (after tax and exceptional items) | 242.07 | 86.29 | 461.39 | 248.03 | 6.01 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 192.39 | 111.99 | 551.58 | 275.45 | 108.81 |

2. The above is an extract of the detailed format of quarterly standalone and consolidated financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly standalone and consolidated financial results is available on the stock exchange websites. (URL-www.nseindia.com and www.bseindia.com) and also on above mentioned Company's website at https://www.orientbell.com.
3. The above standalone and consolidated financial results have been reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on May 22, 2025. The Statutory auditor has expressed an unmodified audit opinion on these standalone and consolidated financial statements.
4. There is no change(s) in accounting policies which have impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).

Place : New Delhi
Date : May 22, 2025

For and on behalf of the Board of Directors of Orient Bell Limited
Madhur Daga
Managing Director

**Orient Bell Limited**
CIN: L14101UP1977PLC021546
Registered Office : 8, Industrial Area, Sikandrabad - 203205, Dist. Bulandshahr, U. P.
Corporate Office : Iris House, 16 Business Center, Nangal Raya, New Delhi-110 046
+91-11-47119100 | investor@orientbell.com | www.orientbell.com



ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

**पंजाब एण्ड सिंध बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम)
**Punjab & Sind Bank** (A Govt. of India Undertaking)
*Where service is a way of life*

प्लॉट नंबर–80, ब्लॉक–बी, सेक्टर–49, नोएडा–201301 (यूपी)
फ़ोन : 0120–4205333, ई–मेल : n1513@psb.co.in

दिनांक : 21.05.2025

**मोचन हेतु सूचना**

1. **श्रीमती कमलेश (उधारकर्ता) पुत्री श्री जय प्रकाश**
167, धुनेला(182) गुड़गांव हरियाणा 122103
2. **श्री सरजीत कुमार (उधारकर्ता) पुत्र श्री जय प्रकाश**
555/2 नवल विहार चंद्रलोक साबुन गोदाम के पास मेरठ उत्तर प्रदेश 25002
3. **श्रीमती शकुंतला देवी (उधारकर्ता) पत्नी श्री जय प्रकाश**
पीली कोठी 555/2 नवल विहार निकट चंद्रलोक साबुन गोदाम मेरठ उत्तर प्रदेश 25002
4. **श्री सुनील चौधरी (उधारकर्ता) पुत्र श्री जय प्रकाश**
555/1 नवल विहार, चंद्रलोक साबुन गोदाम के पास, मेरठ उत्तर प्रदेश 25002

श्रीमान / श्रीमती,

**संदर्भ : शाखा नोएडा सेक्टर 49 के ऋण खाता संख्या 15131200000055 (कमलेश) के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ("सरफेसी अधिनियम") की धारा 13(8) के अंतर्गत आपके पास निहित अधिकार के अनुसार मोचन की सूचना।**

जैसा कि आप जानते हैं कि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने विषयगत ऋण खाता के अंतर्गत आपके द्वारा प्रतिभूति के रूप में पेश की गई सुरक्षित परिसंपत्ति में प्रतिभूति हित के प्रवर्तन के उपाय के रूप में 30/11/2024 को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत एक मांग सूचना जारी की है। तत्पश्चात, प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत आगे की कार्रवाई करते हुए दिनांक 20/02/2025 को सुरक्षित परिसंपत्ति पर कब्जा कर लिया गया है।

चूंकि आप बैंक के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने में विफल रहे हैं, इसलिए, प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता ने, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए, उपर्युक्त उधारकर्ताओं से बैंक को देय ऋणों की वसूली के लिए ई–नीलामी के माध्यम से नीचे वर्णित सुरक्षित परिसंपत्तियों की संपत्तियों को बेचने का निर्णय लिया है।

आपका ध्यान प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय (अर्थात 30 दिन) के संबंध में है। कृपया ध्यान दें कि धारा 13(8) के तहत आपका अधिकार सार्वजनिक नीलामी के लिए नोटिस के प्रकाशन या सुरक्षित संपत्ति के पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के लिए सार्वजनिक या निजी संधि से कोटेशन या निविदा आमंत्रित करने की तिथि से समाप्त हो जाएगा।

**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना के विवरण निम्नानुसार हैं :–**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

**ई–नीलामी तिथि और समय** : **01/08/2025 को मध्या. 11:00 से अप. 1:00 बजे**
**निरीक्षण की तिथि** : **25/07/2025 को प्रातः 10:00 से अप. 4:00 बजे के मध्य**
**बोली जमा करने की अंतिम तिथि** : **31/07/2025 को अप. 4:00 बजे तक**

**उधारकर्ताओं के नाम:**
1. श्रीमती कमलेश (उधारकर्ता) पुत्री श्री जय प्रकाश निवासी 167, धुनेला (182) गुड़गांव हरियाणा 122103
2. श्री सरजीत कुमार (उधारकर्ता) पुत्र श्री जय प्रकाश निवासी 555/2 नवल विहार चंद्रलोक साबुन गोदाम के पास मेरठ उत्तर प्रदेश 25002
3. श्रीमती शकुंतला देवी (उधारकर्ता) पत्नी श्री जय प्रकाश, पीली कोठी 555/2 नवल विहार निकट चंद्रलोक साबुन गोदाम मेरठ उत्तर प्रदेश 25002
4. श्री सुनील चौधरी (उधारकर्ता) पुत्र श्री जय प्रकाश 555/1 नवल विहार चंद्रलोक साबुन गोदाम के पास मेरठ उत्तर प्रदेश 25002

**मांग सूचना तिथि और राशि विवरण :**
1. **13(2) सूचना दिनांक 30/11/2024 हेतु रु. 1,92,30,575.09** (रुपये एक करोड़ बयानबे लाख तीस हजार पाँच सौ पिचहत्तर और नौ पैसे मात्र) जिसमें 29/11/2024 तक का ब्याज और भविष्य का ब्याज और राशि पर अन्य बैंक शुल्क शामिल है।
2. **13(4) सूचना दिनांक 20/02/2025 हेतु रु. 1,92,30,575.09** (रुपये एक करोड़ बयानबे लाख तीस हजार पाँच सौ पिचहत्तर और नौ पैसे मात्र) जिसमें 29/11/2024 तक का ब्याज और भविष्य का ब्याज और उस पर अन्य बैंक शुल्क शामिल है।

**दिनांक 30.04.2025 के अनुसार कुल बकाया राशि : खाता सं. 15131200000055 के अंतर्गत रु. 206.20 लाख**

**संपत्ति का विवरण:** एक वाणिज्यिक संपत्ति धारक संपत्ति जो खसरा संख्या 497 पर, गांव–मोखमपुर, जिला–मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 3160.00 वर्ग मीटर है, जो बिना कब्जे के बंधक के लिए विलेख के अनुसार उप–रजिस्ट्रार 3, मेरठ में बही संख्या 1, जिल्द संख्या 13088 पृष्ठ 1 से 18 पर क्रमांक 9839 पर दिनांक 15/09/2018 को पंजीकृत है, सीमा–
उत्तर : 117 फीट उसके बाद लाला बृजमोहन की संपत्ति
पश्चिम : 270 फीट उसके बाद लाला बृजमोहन की संपत्ति
पूर्व : 270 फीट उसके बाद श्रीमती कमलेश की संपत्ति
दक्षिण : 117 फीट उसके बाद रास्ता और श्रीमती कमलेश की संपत्ति।

**एमआरपी (करोड़ में) :** 5.05 करोड़

*नोट : इस संबंध में 19.05.2025 को प्रकाशित मोचन सूचना को अमान्य माना जाएगा।*

दिनाँक : 21–05–2025
स्थान : नोएडा

(प्राधिकृत अधिकारी)
पंजाब एण्ड सिंध बैंक



**APPOINTMENTS**

एफ़एसआईबी FSIB

**वित्तीय सेवा संस्था ब्यूरो**

**भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था**
**निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है**

**आई एफ सी आई लिमिटेड में उप प्रबंध निदेशक**

आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव/सेवा आवश्यकता, सरकारी अधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों के लिए प्रतिनियुक्ति के मानदंड और अन्य पात्रता नियमों एवं शर्तों के विवरण के लिए, कृपया **https://fsib.org.in/** पर 'रिक्तियां और सिफारिशें' टैब के तहत विज्ञापन देखें।

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार **https://fsib.org.in/** पर 'रिक्तियां और सिफारिशें' टैब के तहत उपलब्ध लिंक के माध्यम से **ऑनलाइन** आवेदन कर सकते हैं या सीधे **https://www.research.net/r/dmdifci2025** पर क्लिक करके आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि: 20 जून 2025 शाम 5:00 बजे तक**

**नोट:** शुद्धिपत्र सहित अतिरिक्त विवरण, यदि कोई हो, केवल ब्यूरो की वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाएंगे।